
## फिल्म जगत को 56 साल देने के बाद

# जैकी चैन को मिला ऑस्कर



फिल्म जगत में 56 साल से अधिक समय के करियर में 200 से अधिक फिल्में करने वाले जैकी चैन को आखिरकार ऑस्कर से सम्मानित किया गया। 'ई ऑनलाइन' की रिपोर्ट के अनुसार 62 वर्षीय एक्शन स्टार को शनिवार रात लॉस एंजिलिस के हॉलीवुड एंड हिंगलैंड सेंटर में आयोजित 8वें 'ऐन्यूअल गवर्नर्स अवार्डस' के दौरान प्रतिष्ठित ऑस्कर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। टॉम हैंक्स, मिशेल योह और क्रिस टकर ने चैन को यह पुरस्कार दिया। हैंक्स ने यहां जैकी चैन की तुलना जॉन वायने और बस्टर कीटन से की।

## मीक मिल ने उड़ाया निकी मिनाज का मजाक



हिप-हॉप स्टार मीक मिल ने निकी मिनाज द्वारा उनके अलगाव की खबर की पुष्टि किए जाने के बाद उनका मजाक उड़ाया। मीक ने फैशन की समझ को लेकर निकी का मजाक उड़ाया।

# प्रियंका की हॉलीवुड फिल्म बेवॉच की रिलीज टली



बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की आगामी हॉलीवुड एक्शन-कॉमेडी फिल्म बेवॉच की रिलीज एक सप्ताह के लिए टल गई है। अब यह फिल्म 26 मई को रिलीज होगी। पैरामाउंट पिक्चर ने इसकी घोषणा की है। प्रियंका इस फिल्म से हॉलीवुड में अपना डेब्यू कर रही हैं।

**प्रियंका चोपड़ा ने 'बेवाच' का नया पोस्टर जारी किया, हैलोवीन लुक में नजर आई। अदाकारा प्रियंका चोपड़ा ने अपनी हॉलीवुड डेब्यू का हैलोवीन स्पेशल पोस्टर साझा किया है।**

## लॉयन' के नए गीत में सिया ने लगाया बालीवुड तड़का



गायिका सिया फर्लर ने अपने नए गीत 'नेवर गिव अप' को बालीवुड अंदाज में गाया है। उन्होंने यह गीत फिल्म 'लायन' के लिए रिकार्ड किया है, जिसमें अभिनेता देव पटेल और निकोल किडमैन मुख्य भूमिका निभा रहे है।

## ऑस्कर के दावेदारों की लंबी लिस्ट में एम एस धोनी और सरबजीत ने भी बनाई जगह



**ऑस्कर पुरस्कार पाने के योग्य 336 फीचर फिल्मों की लंबी सूची में भारतीय बायोपिक फिल्मों 'एम एस धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी' और 'सरबजीत' ने जगह बना ली है। 'एंटरटेनमेंट वीकली' के अनुसार अकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेस ने बुधवार को सर्वश्रेष्ठ पिक्चर ऑस्कर की दावेदार फिल्मों की सूची जारी की।**

## पॉप स्टार लेडी गागा ने कहा, पैसा खुशियां नहीं ला सकता

पॉप स्टार लेडी गागा ने अपने प्रशंसकों से ''प्रेम और करूणा'' जैसे गुण अपनाने का आग्रह किया क्योंकि केवल पैसा कभी खुशियां नहीं ला सकता।



## पान मसाला के एड पर पीयर्स ब्रोसनैन ने मांगी माफी, कहा– धोखे से पीआर कंपनी ने कराया विज्ञापन



हॉलीवुड स्टार पीयर्स ब्रोसनन का कहना है कि वह भारतीय पान मसाला के विज्ञापन में अपनी तस्वीर के छलपूर्वक इस्तेमाल से बहुत निराश हैं। पीपुल मैगजीन के अनुसार अभिनेता ने कहा कि वह यह जानकर बिल्कुल स्तब्ध और दुखी हैं कि वह जिस पान मसाला का विज्ञापन कर रहे हैं उसमें शायद ऐसे पदार्थ हैं जिनसे कैंसर हो सकता है। ब्रोसनन ने कहा कि उनके मन में भारत और उसकी जनता के प्रति बहुत प्यार एवं स्नेह है।



## जोली ने कहा : सच सामने आने का पिट को लगता है डर

अभिनेत्री एंजेलिना जोली ने अदालत में तलाक की कार्यवाही के दौरान अलग हो चुके पति ब्रैड पिट पर यह कहते हुए हमला बोला कि वह तलाक के दस्तावेजों को सील करवाने का आग्रह इसलिए कर रहे हैं क्योंकि उन्हें डर है कि लोगों को सच पता चल जाएगा।

## सबसे ज्यादा कमाई करने वाले दिवंगत सेलिब्रिटी की फोर्ब्स लिस्ट में टॉप पर हैं माइकल जैकसन



**'फोर्ब्स' ने सबसे अधिक कमाई वाले दिवंगत सेलिब्रिटी की अपनी ताजा सूची में 'पॉप सम्राट' माइकल जैकसन को शीर्ष पर रखा है। बीते 12 महीने में किसी भी दिवंगत सितारे की तुलना में माइकल जैकसन की है।**

## ...तो इसलिए हर रात बालों में तेल लगाती हैं जेसिका




हॉलीवुड अभिनेत्री जेसिका अल्बा हर रात अपने बालों में जैतून या नारियल का तेल लगाती हैं। वेबसाइट फीमेलफर्स्ट डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, 35 वर्षीया अभिनेत्री जेसिका की दो बेटियां- ऑनर (8) और हैवन (5) हैं। जेसिका को उनकी मां ने काफी कम उम्र से ही बालों और त्वचा की देखभाल करना सिखाया था। इसलिए वह इस कार्य के लिए हमेशा समय निकाल ही लेती हैं।

# ओम पुरी की मौत पर नया खुलासा

## पहली पत्नी से दूसरी बार शादी करना चाहते थे

**ओम पुरी की मौत के बाद भी उनकी निजी जिंदगी की सुर्खियां थमने का नाम नहीं ले रहीं. कुछ लोगों का मानना है कि असमय हुई उनकी मृत्यु के लिए दो पूर्व पत्नियों के साथ उनके रिश्तों से पैदा हुए तनाव है**



खबर के मुताबिक ओम पुरी की दूसरी पत्नी नंदिता पुरी ने सोमवार को पुलिस को बयान दिया और कहा कि ओम की मौत कोई सामान्य नहीं है. पुलिस हत्या और आत्महत्या, दोनों ही एंगल से इसकी पूरी जांच करे. नंदिता का कहना है कि उनके और ओम के बीच सब कुछ सामान्य होने वाला था. तो ऐसे में, सुसाइड की वजह का सवाल ही नहीं पैदा होता।

### पूर्व पत्नी से करने वाले थे शादी

इन सब खबरों के बीच कहानी में एक ट्विस्ट ये भी आया है कि ओम अपनी पहली पत्नी सीमा से शादी की तैयारी में थे। आपको बता दें कि सालों पहले उनका तलाक हुआ था. लेकिन दो साल से दोनों काफी वक्त साथ गुजार रहे थे. सूत्रों के मुताबिक ओम अपने बेटे को सिनेमा में हायर एजुकेशन के लिए विदेश भेजने वाले थे. बेटे की वजह से ही उनका नंदिता से हलका जुड़ाव था।

### पोस्टमॉर्टम में सिर में चोट के निशान

ओम पुरी की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ है. ओम पुरी की मौत में आए इस नए ट्विस्ट ने सभी को सकते में ला दिया है. सोमवार को आई रिपोर्ट के अनुसार, उनके सिर में चोट के निशान, कॉलर बोन और लेफ्ट आर्म पर हेयरलाइन फ्रैक्चर था।

### ड्राइवर ने सबसे पहले देखी ओम पुरी की डेड बॉडी

ओम पुरी के ड्राइवर राम प्रमोद मिश्रा ही वो शख्स थे जिन्होंने पुरी की डेड बॉडी को सबसे पहले देखा था. मौत से पहले वाली रात को ड्राइवर प्रमोद मिश्रा ने ओम पुरी को घर छोड़ा था. दैनिक भास्कर से बातचीत में मिश्रा ने पुरी की मौत के बाद हालात को बताया. मिश्रा के कहा कि 5 जनवरी (गुरुवार) रात साढ़े आठ बजे ओम पुरी को एम्बेसी जाना था. प्रोड्यूसर खालिद किदवई उनके साथ थे. शुक्रवार सुबह 6.30 बजे खालिद ने मुझे फोन किया. उन्होंने कहा कि पुरी का पर्स उनकी (खालिद की) कार में छूट गया है. ओम पुरी साहब ने मुझे सुबह उठाने को कहा था. 7 बजे में उनके फ्लैट पर पहुंचा. दरवाजा खटखटाया, लेकिन किसी ने नहीं खोला. साहब ने फ्लैट की एक चाबी पड़ोसी को दी हुई थी. उनकी मदद से मैंने दरवाजा खोला. टीवी और एसी चालू था. वो किचन में पड़े मिले. वो न्यूड सिर थे और उनके सिर पर चोट लगी थी. मैंने फौरन कुछ लोगों को फोन किए और एम्बुलेंस बुलाई।

सूत्रों की मानें तो ओम पुरी की मौत की खबर मिलने के बाद जब उनकी दूसरी पत्नी नंदिता उनके फ्लैट पर पहुंचीं तो उन्होंने वहां मौजूद लोगों को घर से बाहर कर दिया।

अनुपम खेर भी जब वहां पहुंचे तो उन्हें भी बाकी लोगों के साथ 20 मिनट तक बाहर ही खड़ा रखा और इंतजार कराया. इस बात से अनुपम नाराज हो गए और वहां से निकल गए. ऐसा भी सुनने में हैं कि नंदिता ओम पुरी के फ्लैट पर वकील लेकर भी पहुंची थीं.



## मिला कुनिस, एस्टन कचर ने अपने बेटे के नाम की घोषणा की

अभिनेता एस्टन कचर और मिला कुनीस ने अपने बच्चे का नाम दिमित्री पोर्टवुड कचर रखा है।फिल्म ''बैड मॉम्स'' की इस अभिनेत्री ने 30 नवंबर को लॉस एंजिलिस में इस बच्चे को जन्म दिया था। दंपति ने बच्चे के जन्म की सूचना कचर की वेबसाइट पर दिया था।

## हॉलीवुड अभिनेत्री केटी होम्स ने अपने संबंधों के बारे में किया खुलासा

हॉलीवुड अभिनेत्री केटी होम्स ने ब्वॉयफ्रेंड जेमी फॉक्स के साथ अपने संबंधों का खुलासा करते हुए कहा है कि दोनों ने अभी विवाह नहीं किया है। मीडिया में फॉक्स के साथ गुपचुप तरीके से शादी करने की अफवाहों के बाद अभिनेत्री ने यह बात कही है।

## पामेला एंडरसन से जानिए! किन पुरुषों के साथ करती हैं डेट

अभिनेत्री पामेला एंडरसन का कहना है कि उन्होंने उन पुरुषों को डेट किया है, जिन्होंने उनके साथ यौन संबंध स्थापित करने के बजाए पोर्न (अश्लील फिल्म) देखने को ज्यादा तरजीह दिया।

# सलमान खान की सजा को लेकर फैसला 18 जनवरी को



**जोधपुर।** पिछले 18 वर्षों से अवैध हथियार रखने और हिरण शिकार के मामले में फंसे फिल्म अभिनेता सलमान खान के भाग्य का फैसला 18 जनवरी को जोधपुर के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में होगा। फैसला सुनने के लिए सलमान खान को उस दिन अदालत में उपस्थित रहने का आदेश दिया गया है। आर्म्स एक्ट प्रकरण में पिछले एक सप्ताह से प्रतिदिन अंतिम बहस चल रही थी। सोमवार को यह पूरी हो गई। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दलपतसिंह राजपुरोहित ने दोनों पक्षों के वकीलों को अपनी बहस लिखित में पेश करने को कहा था, जिससे बहस के शेष रह गए उनके पक्ष को भी पढ़ा जा सके। इसके पश्चात उन्होंने कहा कि इस मामले में फैसला 18 जनवरी को सुनाया जाएगा। फैसला सुनने के लिए आरोपी सलमान खान को कोर्ट में उपस्थित रहना अनिवार्य है। नियमानुसार फैसला आरोपी को ही पढ़कर सुनाया जाता है। ऐसे में 18 जनवरी को अपने भाग्य का फैसला सुनने सलमान खान को जोधपुर आना होगा। उसी दिन तय होगा कि सलमान खान इस मामले में बरी होते है या फिर दोषी ठहराए जाएंगे।



## ...जब ट्विटर पर उड़ी ब्रिटनी स्पीयर्स की मौत की अफवाह

सोनी म्यूजिक ग्लोबल का ट्विटर एकाउंट हैक कर लिया गया और पॉप स्टार ब्रिटनी स्पीयर्स की मौत के बारे में झूठा ट्वीट कर दिया गया। हैक किये गये ट्वीटर पेज पर सोमवार तड़के दो संदेश जारी किया गया।



## क्रिस मार्टिन दान कर देते हैं कमाई का 10 फीसदी हिस्सा

पॉप बैंड 'कोल्डप्ले' के गायक क्रिस मार्टिन अपनी कमाई का एक हिस्सा् दान करते हैं। क्रिस की सकारात्मैक पहल का असर अन्यट साथियों पर भी धीरे-धीरे हो रहा है।



## बिलबोर्ड वुमन म्यूजिक अवॉर्ड में मैडोना ने दिया सनसनीखेज बयान

पॉप गायिका मैडोना का कहना है कि उन्हें अपने करियर में न सिर्फ लैंगिक भेदभाव का सामना करना पड़ा बल्कि लगातार उन्हें डराया, धमकाया और प्रताड़ति भी किया गया। मैडोना के इस बयान ने अवॉर्ड समारोह में सनसनी फैला दी।